ont>

Title: Need to regularise ITI apprentices of South-Eastern Coalfields Ltd. in Chhattisgarh.

डॉ. चरणदास महंत (जांजगीर) : उपाध्यक्ष महोदय, छत्तीसगढ़ में समस्त आई.टी.आई. एसईसीएल प्रशिक्षु विगत 4-5 वर्षों से अपनी नियमितीकरण की मांग को लेकर एसईसीएल मुख्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। विगत सन् 2000 मे इनके द्वारा आंदोलन करने पर 246 पोस्ट स्वीकृत किये गये। शो प्रशिक्षु 6 माह के भीतर लेने का आश्वासन दिया था लेकिन आज 5 र्वा व्यतीत हो जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। इनकी आयु सीमा पार कर रही है। बार-बार मैनेजमैंट के आश्वासन से तंग आकर इन्होंने एसईसीएल मुख्यालय के सामने क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी है। एसईसीएल मुख्यालय में 150 पोस्ट आलरेडी सेंक्शन हैं। एसईसीएल में अभी तक विस्थापितों की नियुक्ति पूरी नहीं हुई है। जबकि प्रशिक्षु एवं विस्थापित विगत वर्षों से अपनी नियुक्ति एवं नियमितीकरण के लिये लगातार मांग एवं हड़ताल कर रहे हैं। इसके अलावा विस्थापित भी अपनी नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं।

मेरा सरकार से आग्रह है कि समस्त आई.टी.आई. प्रशिक्षुओं को नियमित कर उन्हें न्याय दिलाया जाये तथा विस्थापितों को शीघ्र नौकरी दिलायी जाये।